Seat No. : ______________

# MN-114 (H)

**July-2021**

**B.Com., Sem.-I**

**CC-103 : Accountancy – I**

**Time : 2 Hours]** **[Max. Marks : 50**

**(Hindi Version)**

निर्देश : (1) प्रश्नपत्र में **दो** खण्ड है : **खण्ड–I (40** अंक) तथा **खण्ड–II (10** अंक)

(2) **खण्ड–I** से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **खण्ड–II** अनिवार्य है ।

(3) **खण्ड–II** (बहुविकल्पी प्रश्न) का श्रेणी क्रम बदलना नहीं है ।

(4) सभी गणनाएँ उत्तर का अंश होने पर आवश्यक गणना दर्शानी है ।

**खण्ड – I**

1. विरमगाँव की वायरस कॉर्पोरेशन के बोटाद की बैक्टिरीया कंपनी को दिनांक 01/01/2019 को 100 कुर्सियाँ, प्रति इकाई ₹ 21,000 के बीजक मूल्य पर कमीशन से बेचने के लिए भेजी । बीजक मूल्य, लागत मूल्य पर 50% लाभ चढाकर आंकी गई है । माल के डीलिवरी के समय वायरस कॉर्पोरेशन के ₹ 10,000 नूर तथा चूंगी के चूकाए । दिनांक 01/02/2019 को उसने ₹ 8,00,000 की 5 माह की हूंडी बेक्टीरिया कंपनी को लिखी जो उसने स्वीकार कर वापस दी । दिनांक 04/05/2019 को यह हूंडी बैंक में वार्षिक 15% दर पर बट्टित की । वायरस कॉर्पोरेशन 6% सामान्य कमीशन, 4% आसामी (प्रत्यायक) कमीशन के बैंक्टिरीया कंपनी को चूकाएँ । ऐसी जानकारी प्राप्त हुई की रास्ते में 5 कुर्सियाँ नष्ट हो गई थी तथा बीमा कंपनी ने कुल हानि के 80% दावे के ऐवज में स्वीकृत किये ।

दिनांक 31/12/2019 को बैक्टिरीया कंपनी ने रिक्त राशि के लिए बैंक ड्राफ्ट तथा बिक्री विवरण भेजा जो निम्नानुसार है : **20**

- उसने ₹ 14,000 सीमा शुल्क, ₹ 4,000 विज्ञापन खर्च, ₹ 5,000 परिवहन भाडे के ऐवज में चूकाया ।
- उसने 17 कुर्सियाँ Mr. Medicine को प्रति इकाई ₹ 20,000 पर बेची ।
- 14 कुर्सियाँ Ms. माधवी को बीजक मूल्य पर उधार बेची ।
- बैक्टिरीया कंपनी ने 13 कुर्सियाँ ₹ 22,000 प्रति इकाई पर व्यक्तिगत उपयोग हेतु रखी ।
- 30 कुर्सियाँ वायरस कॉर्पोरेशन की अनुशंसा पर श्री हर्षिल को ₹ 25,000 प्रति इकाई मूल्य पर बेची ।
- माधवी तथा हर्षिल दोनों दिवालिया घोषित हुए । बकाया राशि के 60% वसूले गए ।

वायरस कॉर्पोरेशन की बही में आवश्यक खाते बनाइए ।

**अथवा**

निम्न प्रश्नों में से किन्हीं **2** के उत्तर दीजिए :

(1) अंतिम स्कंध के मूल्यांकन के संदर्भ में सामान्य हानि तथा असामान्य हानि समझाइए ।

(2) प्रत्यायक (आसामी) कमीशन से क्या तात्पर्य है ? जब डूबत ऋण घटित होता है तब 'कन्साइनर' की बही में उसका प्रभाव दर्शाइए ।

(3) आवर्तक तथा गैर-आवर्तक खर्च क्या है ? असामान्य हानि तथा अंतिम स्टॉक (स्कंध) के मूल्यांकन में उसका प्रभाव दर्शाइए ।

2. कांतिलाल जो स्वतंत्र शाखा चलाते हैं उसका दिनांक 31/03/2019 को कच्चा-चिट्ठा निम्नानुसार है : **20**

**कच्चा चिट्ठा**

| विवरण | राशि (₹) उधार | राशि (₹) जमा |
|---|---|---|
| स्टोक (01/04/2018) | 31,250 | – |
| फूटकर आय | – | 21,250 |
| कय-बिक्री | 1,25,000 | 2,50,000 |
| वापसी (क्रय-बिक्री) | 6,250 | 12,500 |
| मुख्य ऑफिस से प्राप्त माल | 93,750 | – |
| लेनदार – देनदार | 37,500 | 25,000 |
| मुख्य ऑफिस खाता | – | 62,500 |
| नकद शेष | 31,250 | – |
| वेतन | 35,000 | – |
| भाड़ा | 6,250 | – |
| नूर | 3,750 | – |
| बट्टा | 5,000 | 3,750 |
| **कुल** | **3,75,000** | **3,75,000** |

**जानकारी :**

(1) दिनांक 29/03/2019 को शाखाने ₹ 6,250 की नकद मुख्य ऑफिस को भेजी थी जो उसे दिनांक 02/04/2019 को मुख्य ऑफिस को मिली ।

(2) अंतिम स्टॉक का मूल्य ₹ 62,500 है ।

(3) शाखा का फर्निचर खाता मुख्य ऑफिस की बही में निभाया जाता है । ₹ 2,500 शाखा के फर्निचर ह्रास के तौर पर अपलिखित करने है ।

(4) मुख्य ऑफिस ने ₹ 12,500 का माल दिनांक 28/03/2019 को शाखा को भेजा, जो शाखा को दिनांक 03/04/2019 को प्राप्त हुआ ।

दी गई जानकारी के आधार पर शाखा के वार्षिक हिसाब (लेखा) तैयार करें ।

**अथवा**

निम्न में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए :

(1) परतंत्र शाखा के लेखांकन की कोई एक विधि समझाइए ।

(2) शाखा, संयुक्त साहस लेखा तथा दलालों के मध्य कोई 5 भिन्नताएँ लिखिए ।

(3) मार्गस्थ माल तथा मार्गस्थ नकद समझाइए ।

3. कानूप्रिया तथा एंजेलिका ने संयुक्त साहस में प्रवेश किया, जिनका विवरण निम्नानुसार है : **20**

- उन्होंने क्रमशः ₹ 4,50,000 तथा ₹ 1,50,000 संयुक्त साहस बैंक खाते में जमा करवाएँ तथा लाभ–हानि 3 : 1 के अनुपात में वहन करते हैं ।
- संयुक्त साहस के तमाम खर्चें साझेदारों अपने व्यक्तिगत खातों से चूकाएँगे तथा सभी क्रय–विक्रय संयुक्त खाते में दर्ज करनी है ।
- साझेदारों ने की बिक्री पर कमीशन की दर 5% है ।

**क्रय–बिक्री :**

- कानूप्रिया ने ₹ 3,60,000 का माल क्रय किया । जिसमें से ₹ 2,70,000 का माल ₹ 4,44,000 में बेचा ।
- एंजेलिका ने ₹ 1,20,000 का माल क्रय किया । जिसमें से ₹ 90,000 का माल ₹ 1,80,000 में बेचा ।
- कानूप्रिया तथा एंजेलिका का खर्च क्रमशः ₹ 34,800 तथा ₹ 6,000 है ।
- क्रमशः ₹ 90,000 तथा ₹ 30,000 का माल कानूप्रिया तथा एंजेलिका ने अपने पास रखा ।

संयुक्त साहस खाता, संयुक्त बैंक खाता, साझेदारों के खाते बनाइए ।

**अथवा**

निम्न में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(1) संयुक्त साहस तथा बीजक माल पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

(2) कच्चा संयुक्त साहस खाते से क्या तात्पर्य है ? समझाइए ।

(3) संयुक्त साहस में जब दोनों साझेदार पृथक्क लेखा–बही निभाते हैं, तब लेखांकन विधि लिखिए ।

4. लेखा में कम्प्यूटर की उपयोगिता को ध्यान में रखकर समझाइए : **20**

(A) लेखांकन जानकारी प्रणाली तथा प्रबंधन जानकारी प्रणाली

(B) Tally Software Version 9.2, के लाभ तथा सीमाएँ

**अथवा**

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए :

(1) Tally में क्रय–बिक्री विवरणों की रिकॉर्डिंग

(2) स्रोत पर कर कटौती

(3) गुड्स एण्ड सर्विस टेक्स (GST)

## खण्ड – II

5. बहुविकल्पी प्रश्न : (**12** में से कोई **5**) **(5 × 2 = 10)**

(1) मुख्य ऑफिस का तुलन–पत्र मार्गस्थ माल को ________ के तौर पर दर्शाता है ।

(A) संपत्ति (B) दायित्व

(C) स्कंध कटौती (D) इनमें से कोई नहीं

(2) स्वतंत्र शाखा के लिए मुख्य ऑफिस ________ है ।

(A) निवेश (B) व्यापारी लेनदार

(C) व्यापारी देनदार (D) इनमें से कोई नहीं

(3) शाखा द्वारा भूगतान खर्च की राशि ज्ञात करने के लिए ________ बनाया जाता है ।

(A) पेट्टी नकद खाता (B) देनदार खाता

(C) लेनदार खाता (D) इनमें से कोई नहीं

(4) कन्साइनी तथा कन्साइनर के मध्य किस प्रकार का संबंध होता है ।

(A) माल स्वायी तथा माल कब्जेदार

(B) देनदार – लेनदार

(C) क्रेता – विक्रेता

(D) इनमें से कोई नहीं

(5) कन्साइनी को सामान्य कमीशन ________ पर चूकाया जाता है ।

(A) कुल बिक्री (B) शाख बिक्री

(C) निजी उपयोग हेतु रखा माल (D) इनमें से कोई नहीं

(6) यदि प्रत्यायक कमीशन चूकाया गया हो तथा डूबत ऋण घटित हो, तो वह _______ दर्ज होता है ।

(A) प्रेषण खाते पर उधार बाजू

(B) प्रेषण खाते पर जमा बाजू

(C) कन्साइनी की बही में कन्साइनर खाते पर उधार बाजू

(D) इनमें से कोई नहीं

(7) ________ खाता संयुक्त साहस की तहत नहीं बनाया जाता है ।

(A) स्टॉक रिजर्व (B) संयुक्त बैंक

(C) संयुक्त साहस (D) इनमें से कोई नहीं

(8) कच्चे संयुक्त साहस खाते की शेष ________ दर्शाती है ।

(A) लाभ या हानि (B) प्रारंभिक स्टॉक

(C) अंतिम स्टॉक (D) इनमें से कोई नहीं

(9) यदि संयुक्त साहस के हिसाब स्वतंत्र रूप से लिखे जाते हो, तो संयुक्त साहस के लिए चूकाया गया खर्च ________ रिकॉर्ड होगा ।

(A) संयुक्त साहस लेखा में जमा बाजू (B) साझेदार लेखा में उधार बाजू

(C) संयुक्त बैंक लेखा में उधार बाजू (D) इनमें से कोई नहीं

(10) नकद भूगतान ________ की से होता है ।

(A) F5 (B) F6

(C) F7 (D) इनमें से कोई नहीं

(11) कॉन्ट्रा एन्ट्री के लिए वाउचर में ________ की दबानी पड़ती है ।

(A) F4 (B) F8

(C) F9 (D) इनमें से कोई नहीं

(12) Tally की ________ संस्करण में GST रिपोर्ट नहीं है ।

(A) Tally 7.2 (B) Tally ERP 9

(C) (A) तथा (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं